नामांक Roll No.

**Sl.No. :**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**No. of Questions – 23**

**No. of Printed Pages – 11**

**SS–11–Pol. Sc.**

# उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2023

# SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2023

## राजनीति विज्ञान

## POLITICAL SCIENCE

**समय** : 3 **घण्टे** 15 **मिनट**

**पूर्णांक** : 80

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :***

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।

Candidate must write first his / her Roll No. on the question paper compulsorily.

2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं।

**All** the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें।

Write the answer to each question in the given answer-book only.

Tear Here

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें
TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER

यहाँ से काटिए

4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।

For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

5) प्रश्न पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपान्तरण में किसी प्रकार की त्रुटि/अन्तर/विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें।

If there is any error/ difference/ contradiction in Hindi & English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

6) प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

Write down the serial number of the question before attempting it.

## खण्ड – अ

## SECTION - A

**बहुविकल्पीय प्रश्न :**

Multiple Choice Questions :

**1)** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चयन कर उत्तर पुस्तिका में लिखिये :**

Answer the following questions and write them in the answer-book by choosing the correct option :

i) **प्रथम महायुद्ध का कालखण्ड था–** **[1]**

अ) 1910 -1915 ब) 1914 - 1918

स) 1915 - 1920 द) 1913 - 1917

The period of the First World War was-

A) 1910 -1915 B) 1914 - 1918

C) 1915 - 1920 D) 1913 - 1917

ii) **किस सैन्य अभियान को 'प्रथम खाड़ी युद्ध' के नाम से जाना जाता है?** **[1]**

अ) ऑपरेशन डेजर्ट स्टार्म ब) ऑपरेशन इनफाइनाइट रीच

स) ऑपरेशन एन्ड्यूरिंग फ्रीडम द) ऑपरेशन इराकी फ्रीडम

Which military operation is known as the 'First Gulf War'?

A) Operation Desert Storm B) Operation Infinite Reach

C) Operation Enduring Freedom D) Operation Iraqi Freedom

iii) **यूरोपीय संघ की मुद्रा का नाम है–** **[1]**

अ) रूपया ब) रूबल

स) यूरो द) डॉलर

The name of the currency of the European Union is-

A) Rupee B) Ruble

C) Euro D) Dollar

iv) 'दक्षिण एशिया' में सम्मिलित देश है– [1]

अ) भारत ब) जापान

स) चीन द) मलेशिया

The country included in South Asia, is-

A) India B) Japan

C) China D) Malaysia

v) क्योटो प्रोटोकाल 1997 में मुख्य विषय वस्तु थी– [1]

अ) ग्रीन हाऊस गैस उत्सर्जन को कम करना

ब) निशस्त्रीकरण पर बल

स) आंतकवाद का विरोध

द) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में वृद्धि

The main theme of Kyoto Protocol 1997 was-

A) Reducing greenhouse gas emissions

B) Emphasis on disarmament

C) Opposing terrorism

D) Growth in International Trade

vi) विश्व का सबसे बड़ा तेल उत्पादक देश है– [1]

अ) मिश्र ब) ईरान

स) सउदी अरब द) इराक

The world's largest oil producing country is-

A) Egypt B) Iran

C) Saudi Arabia D) Iraq

vii) निम्न में से कौन 'ट्रिस्ट विद डेस्टिनी' से सम्बंधित है? [1]

अ) महात्मा गांधी ब) सरदार पटेल

स) जवाहर लाल नेहरू द) भिमराव अम्बेडकर

Which of the following is related to 'Tryst with Destiny'?

A) Mahatma Gandhi B) Sardar Patel

C) Jawaharlal Nehru D) Bhimrao Ambedkar

viii) 'खुली प्रतिस्पर्धा और बाजारमूलक अर्थव्यवस्था के जरिये प्रगति' की पक्ष वाली राजनीतिक विचारधारा को कहते है– **[1]**

अ) वामपंथ ब) दक्षिण पंथ

स) कट्टरपंथ द) पंथनिरपेक्ष

The political ideology in 'Faxour of progress through open competition and market-oriented economy' is called-

A) Left B) Right

C) Fundamentalism D) Secular

ix) 'बांडुंग सम्मेलन' कब हुआ? **[1]**

अ) 1951 ब) 1952

स) 1954 द) 1955

When did the 'Bandung Conference' take place?

A) 1951 B) 1952

C) 1954 D) 1955

x) 1971 के लोकसभा चुनावों में इन्दिरा गांधी की कांग्रेस (आर) को कितनी सीटें मिली? **[1]**

अ) 352 ब) 258

स) 345 द) 313

How many seats did Indira Gandhi's Congress(R) get in the 1971 Lok Sabha elections?

A) 352 B) 258

C) 345 D) 313

xi) 1974 में 'सम्पूर्ण क्रान्ति' का आव्हान किसने किया? **[1]**

अ) मोरारजी देसाई ब) जयप्रकाश नारायण

स) जार्ज फर्नान्डिस द) चारू मजूमदार

Who gave the call for 'Total Revolution' in 1974?

A) Morarji Desai B) Jayaprakash Narayan

C) George Fernandes D) Charu Mazumdar

xii) 1989 में राष्ट्रीय मोर्चा सरकार के प्रधानमन्त्री कौन बने? **[1]**

अ) चौधरी चरण सिंह ब) मोरारजी देसाई

स) वी. पी. सिंह द) चन्द्र शेखर

Who became the Prime Minister of the National Front government in 1989?

A) Chaudhary Charan Singh B) Morarji Desai

C) V. P. Singh D) Chandrashekhar

**2)** **रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये :**

Fill in the blanks :

i) **चेकोस्लोवाकिया के विभाजन से ............. तथा ............. नामक दो देश बने।** **[1]**

The division of Czechoslovakia created two countries named _______ and _______.

ii) **श्रीलंका की राजनीति में ............. समुदाय का प्रभाव रहा है।** **[1]**

________ community has an influence in the politics of Sri Lanka.

iii) 1944 **में उद्योगपतियों के समूह द्वारा नियोजित अर्थव्यवस्था के प्रस्ताव को ............. कहा जाता है।** **[1]**

The proposal for planned economy by group of industrialist in 1944 is called the __________.

iv) **तिब्बत के पारम्परिक नेता .............** **ने** 1959 **में भारत से शरण माँगी।** **[1]**

________, traditional leader of Tibet, sought asylum in India in 1959.

v) 5 **अगस्त** 2019 **को जम्मू कश्मीर पुर्नगठन अधिनियम** 2019 **द्वारा अनुच्छेद ............. समाप्त कर दिया गया।** **[1]**

On 5th August 2019 Article ________ was abolished by the Jammu and Kashmir Reorganisation Act 2019.

vi) 2004 **के लोकसभा चुनाव में ............. गठबन्धन की सरकार बनी।** **[1]**

_________ Alliance government was formed in the 2004 Lok Sabha elections.

**3)** **अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न :**

Very short type questions :

i) **शीत युद्ध के दौरान छोटे राज्यों को महाशक्तियों द्वारा अपने गुटों में सम्मिलित करने का कोई एक कारण बताइये।** **[1]**

Give any one reason for the integration of small states by the superpowers into their blocs during the Cold War.

ii) **अमेरिका के रक्षा विभाग मुख्यालय का नाम बताइये।** **[1]**

Name the US Defence Department headquarter.

iii) **'आसियान' संगठन के किन्हीं चार सदस्य देशों के नाम लिखिये।** **[1]**

Write the names of any four member countries of the ASEAN organization.

iv) **भारत की 'लुक ईस्ट' व 'एक्ट ईस्ट' नीति के अन्तर्गत कौनसे देश आते है?** **[1]**

Which countries come under India's 'Look East' and 'Act East' policy?

v) **'लीग ऑफ नेशन्स' के स्थान पर 'संयुक्त राष्ट्र संघ' की स्थापना का प्रमुख कारण क्या था?** **[1]**

What was the main reason for the establishment of the 'United Nations' in place of the 'League of Nations'?

vi) **सुरक्षा के अपारम्परिक धारणा के दो पक्ष कौनसे है?** **[1]**

What are the two sides of the non-traditional conception of security?

vii) **'सीमान्त गाँधी' के नाम से कौन प्रसिद्ध हुए?** **[1]**

Who is famous as 'Frontier Gandhi?

viii) **प्रथम पंचवर्षीय योजना कब शुरू की गई?** **[1]**

When was the first five year plan started?

ix) 1961 **में गुटनिरपेक्ष आन्दोलन का पहला सम्मेलन कहाँ हुआ?** **[1]**

Where was the first conference of the Non-Aligned Movement held in 1961?

x) **लालबहादुर शास्त्री की मृत्यु के पश्चात उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी के रूप में किन नेताओं के बीच मुकाबला था?** **[1]**

After the death of Lal Bahadur Shastri, there was a contest between which leaders as his political successor?

xi) 25 जून 1975 **को संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत आपात काल की घोषणा की गई?** **[1]**

Under which article of the constitution, emergency was declared on 25 June 1975?

xii) **मण्डल आयोग ने पिछड़ी जातियों के लिये क्या सिफारिश की थी?** **[1]**

What was the recommendation of the Mandal Commission for the backward castes?

## खण्ड – ब

## SECTION - B

लघुत्तरात्मक प्रश्न – (उत्तर सीमा लगभग 50 शब्द)

Short answer type questions - (Answer limit about 50 words)

**4)** सोवियत संघ के विघटन के समय वहाँ के राष्ट्रपति कौन थे? **[2]**

Who was the President of the Soviet Union at the time of its disintegration?

**5)** 'अमेरिकी शक्ति पर स्वयं अमेरिका ही अवरोध है।' इस कथन के आधार पर अमेरिकी शक्ति पर कोई दो अवरोध बताइये। **[2]**

'The constraint to American power is America itself'. On the basis of this statement, mention any two constraints on American power.

**6)** चीन में 'कृषि के निजीकरण' से क्या लाभ हुए? (कोई दो) **[2]**

What were the benefits of 'privatization of agriculture' in China? (Any two)

**7)** 'भारत व पाकिस्तान के मध्य विवाद का मुख्य कारण पाक द्वारा आतंकवाद को प्रोत्साहन देना है।' इसके कोई दो उदाहरण दीजिये। **[2]**

'The main reason for dispute between India and Pakistan is the encouragement of terrorism by Pakistan'. Give any two examples.

**8)** 'अप्रवासी' एवं 'शरणार्थी' में अन्तर बताइये। **[2]**

Differentiate between 'migrants' and 'refugees'.

**9)** खनिज उद्योगों से पर्यावरण को होने वाले कोई दो दोष बताइये। **[2]**

Mention any two disadvantages caused by mineral industries to the environment.

10) 'स्वतन्त्रता के समय ब्रिटिश इण्डिया दो भागों में था।' इस कथन को संक्षेप में स्पष्ट कीजिये। [2]
'At the time of independence British India was in two parts'. Explain this statement in brief.

11) आपके मतानुसार हरित क्रान्ति के कोई दो प्रभाव बताइये। [2]
Mention any two effects of the Green Revolution according to you.

12) स्वतन्त्रता के बाद भारत और चीन के मध्य मैत्री संबंधों के खराब होने के कोई दो कारण बताइये। [2]
Give any two reasons for the deterioration of friendly relations between India and China after independence.

13) लालबहादुर शास्त्री के सामने रही कोई दो चुनौतियों की संक्षिप्त विवेचना कीजिये। [2]
Briefly discuss any two challanges faced by Lal Bahadur Shastri.

14) 'चिपको-आन्दोलन' में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के कारण को स्पष्ट कीजिये। [2]
Explain the reason for active participation of women in 'Chipko-Movement'.

15) दलित पैंथर्स संगठन के उद्देश्य को संक्षेप में स्पष्ट कीजिये। [2]
Briefly explain the objective of Dalit Panther Organization.

16) 'बामसेफ' पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिये। [2]
Write a short note on BAMCEF.

## खण्ड – स
## SECTION - C

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न – (उत्तर सीमा लगभग 100 शब्द)
Long answer type questions - (Answer limit about 100 words)

17) 'शॉक थेरेपी' के कोई तीन परिणाम बताइये। [3]
Mention any three consequences of 'Shock therapy.'

18) आपके मतानुसार भारत संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद् का स्थाई सदस्य होना चाहिये। अपने मत के पक्ष में तीन तर्क दीजिये। [3]
According to you, India should be permanent member of the United Nations Security Council. Give any three arguments in favour of your opinion.

**19)** **'स्वतन्त्रता से अब तक मतदान के तरीके बदलते रहे है।' इस कथन के आधार पर तीनों तरीकों को संक्षेप में बताइये।[3]**

'Voting methods have been changing since independence'. On the basis of this statement, briefly explain the three methods.

**20)** 1975 **में आपातकाल घोषित करने के पीछे कौन–सा घटनाक्रम हुआ? कोई दो घटनाएँ बताइये।** **[3]**

What events were happened behind the declaration of emergency in 1975? Write any two.

## खण्ड – द

## SECTION - D

**निबन्धात्मक प्रश्न – (उत्तर सीमा लगभग** 250 **शब्द)**

Essay Type Questions - (Answer limit about 250 words)

**21)** **'क्यूबा मिसाइल संकट शीत युद्ध का चरम बिन्दु था।' इस कथन की विस्तृत विवेचना कीजिये।** **[4]**

The Cuban Missile Crisis was the high point of the Cold War. Discuss this statement in detail.

**अथवा**/OR

**'शीत युद्ध के दौरान दो–ध्रुवीयता को गुटनिरपेक्षता ने चुनौती दी।' इस कथन के संदर्भ में गुटनिरपेक्ष आन्दोलन के उदय व भूमिका को स्पष्ट कीजिये।**

'Non-alignment challenged the biopolarity during the Cold War'. In the context of this statement, explain the rise and role of the Non-Aligned Movement.

22) वैश्वीकरण का अर्थ बताते हुए इसके कारणों की विवेचना कीजिये। **[4]**

Explain the meaning of globalization and discuss its causes.

अथवा/OR

वैश्वीकरण के आर्थिक प्रभावों की विवेचना कीजिये।

Discuss the economic impact of globalization.

23) 'भारत में क्षेत्रीय आकांक्षाएं अलग राज्य बनाने की मांग, आर्थिक विकास या अलगाववाद के रूप में प्रकट होती रही है।' इसके विविध उदाहरणों से क्या सबक सीख सकते है? विवेचना कीजिये। **[4]**

'Regional aspirations in India have been manifested in the form of economic development or separatism, demanding separate states'. What lessons can be learnt it diverse examples? Explain.

अथवा/OR

भारत में सिक्किम के विलय के घटनाक्रम की विवेचना कीजिये।

Discuss the events of the merger of Sikkim in India.

✠ ✠ ✠

DO NOT WRITE ANYTHING HERE